हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 27 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री



16 खुर्सीपार में नई शराब दुकान खोलने का विरोध, धरने पर बैठे स्थानीय लोग




प्रवेश प्रारंभ
SHRI SAI COLLEGE
सीमित सीट/न्यूनतम फीस
• D.Pharma
• B.Ed. • ITI Electrician*
• ITI (Computer/COPA)
• ITI (Health Inspector)
• ITI Data Entry Operator*
OBC/SC/ST/ अल्पसंख्यकों को शासन की छात्रवृति
श्री साईं कॉलेज
श्री साईं फार्मेसी कॉलेज
श्री साईं आईटीआई
पथरिया रोड, नंदिनी- अहिवारा, दुर्ग
Contact : 70241-38402


## खबर संक्षेप

### पत्नी पर किया हमला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पत्नी पर हमला करने वा 26-26-ले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि उतई पुलिस ने श्वेता टंडन पर चाकू से हमला करने वाले प्रेम नगर दिल्ली निवासी पति सनी झा उर्फ कुछ माह से ससुराल हथखोज पारा उतई में रहता है। पारिवारिक विवाद के चलते पति पत्नी में जमकर विवाद हुआ। पति ने जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नीयत से श्वेता को घर में रखें चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर चोट पहुंचाया। बीच बचाव करने आई मां व दादी को भी चाकू से वार कर पति फरार हो गया था। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की पता तलाश की गई। उतई पुलिस टीम को जानकारी मिली कि आरोपी सनी झा खोपली रोड पर है। पुलिस ने घेराबंदी आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी के पसा से खून आलूदा कपड़ा और चाकू समेत अन्य सामग्री जप्त किया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान है।

### मौसम में बदलाव के असर से संक्रामक बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

# खुर्सीपार में डायरिया फैला, अस्पतालों में वायरल के 30 प्रतिशत मरीज बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

इन दिनों मौसम में व्यापक बदलाव आया है। दिनभर तेज धूप और अचानक बारिश। शाम और सुबह तापमान में गिरावट। खुसर्पीपार वार्ड 51 राजेंद्र नगर में डायरिया फैल गया है। यहां तीन दिनों में 22 लोग डायरिया पीड़ित मिले है। इधर अस्पतालों में सर्दी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द और पेट की बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों और प्राइवेट क्लीनिकों में वायरल से ग्रसित मरीज बढ़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इन अस्पतालों में आने वाले 30 प्रतिशत मरीज वायरल बीमारी की समस्या वाले आ रहे हैं।



खुर्सीपार में शुक्रवार को डायरिया प्रभावित क्षेत्र में हेल्थ विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची

### डायरिया प्रभावित क्षेत्र में सर्वे कर रही स्वास्थ्य टीम

खुर्सीपार राजेंद्रनगर में निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम तीसरे दिन भी सर्वे किया। अब तक 22 लोग डायरिया पीड़ित मिले हैं। जिला अस्पताल में दो डायरिया पीड़ितों का इलाज जारी है। एक मरीज को जिला अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। प्रभावित क्षेत्र में निगम ने पानी के सैंपल लिए हैं। माना जा रहा हैं कि दूषित भोजन व वर्तमान में हो रही अचानक बारिश की वजह से लोगों को डायरिया जैसी समस्या आई है।

### वातावरण में वायरस सक्रिय

चिकित्सकों के मुताबिक वातावरण में ऐसे वायरस सक्रिय हो गए है जिससे लोगों के शरीर को प्रभावित कर रहे हैं। ये वायरस श्वांस नली के जरिए लोगों के शरीर के भीतर पहुंच रहे हैं और बीमार कर देते हैं। जिसकी वजह से व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और बीमारी घेर लेती है।

### हर दिन ओपीडी में मरीजों की भीड़

जिला अस्पताल में रोजाना की ओपीडी 900 मरीजों की है। इनमें से 270 मरीजों को सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द और पेट संबंधी समस्याएं लेकर आ रहे हैं। इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में रोजाना की ओपीडी 550 मरीजों की है। इनमें से 165 मरीज वायरल संक्रमण से पीड़ित होते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई, पाटन, धमधा, झीट में भी रोजाना की ओपीडी 400 की ओपीडी है। जहां 80 से 90 मरीज इस बीमारी के पहुंच रहे हैं।

### मौसम वायरल संक्रमण के अनुकूल

स्थानीय चिकित्सक डॉ. एसके शर्मा ने बताया कि वर्तमान मौसम वायरल संक्रमण के लिए अनुकूल है। उन्होने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने बारिश में भीगने से बचने की सलाह दी है। साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा है। हल्का और सुपाच्य भोजन करने की सलाह दी है। अधिक मात्रा में पानी पीने की भी सिफारिश की है।विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। इन दोनों आयु वर्गों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इसलिए उन्हें संक्रमण का खतरा अधिक रहता है।

### डायरिया नियंत्रण में

खुर्सीपार प्रभावित इलाके में डायरिया नियंत्रण में है। मौसम में बदलाव की वजह से लोग वायरल जैसी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं।

- डॉ.पियम सिंह
प्रभारी सुपेला अस्पताल

# दुर्ग जेल में कैदी बना रहे एलईडी बल्ब अचार कर रहे तैयार, डीजे ने ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



केन्द्रीय जेल दुर्ग का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने महिला प्रकोष्ठ में निरूद्ध महिला बंदियों से उनकी प्रकरण की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जेल अस्पताल में बीमार बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की। उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं से अवगत हुए। कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बंदियों से उनके प्रकरण में बारे में जानकारी ली। जेल में बंदियों द्वारा बनाए जा रहे एलईडी बल्ब, अचार, फर्नीचर एवं अन्य सामग्रियों के प्रचार हेतु जिला न्यायालय दुर्ग परिसर में बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में सजायाफ्ता बंदियों के अपील संबंधी प्रकरणों को अद्यतन करने एवं बंदियों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के निर्देश जेल अधिकारियों को दिये। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की। बंदियों ने निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं करने की जानकारी दी। इस पर डीजे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता सलाह प्रदान कर उनकी पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की नियुक्ति किए जाने की जानकारी दी।


अग्रसेन
प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN
2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444





# करुणा और ज्ञान की देवी माँ स्कंदमाता की आराधना

**नवरात्रि के पाँचवें दिन की देवी**

नवरात्रि का पाँचवाँ दिन माँ दुर्गा के पाँचवें स्वरूप माँ स्कंदमाता को समर्पित है। माँ स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता होने के कारण इस नाम से जानी जाती हैं। उनका स्वरूप मातृत्व, करुणा और ज्ञान का प्रतीक है। भक्त उनकी पूजा करके न केवल सांसारिक सुख पाते हैं बल्कि मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

## माँ स्कंदमाता













माँ स्कंदमाता को सिंहवाहिनी और पद्मासना भी कहा जाता है। वे चार भुजाओं वाली हैं–दो हाथों में कमल पुष्प, एक हाथ में पुत्र स्कंद और एक हाथ से भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। उनका स्वरूप इतना तेजस्वी और शांत है कि भक्त केवल उनके ध्यान मात्र से ही आत्मिक शांति का अनुभव करता है।

**पौराणिक महत्व-** पौराणिक कथाओं के अनुसार, माँ स्कंदमाता ही देवताओं के सेनापति कार्तिकेय की जननी हैं। जब देवासुर संग्राम हुआ तो भगवान शिव और पावर्ती के पुत्र कातिर्केय ने ही देवताओं की ओर से नेतृत्व किया। इसीलिए उन्हें स्कंद कहा गया और उनकी माता माँ दुर्गा के इस रूप में पूजित हुईं। माँ स्कंदमाता को मोक्षदायिनी कहा गया है। उनकी पूजा से जीवन के दुख और संकट समाप्त होते हैं।

**पूजा विधि और अनुष्ठान-** नवरात्रि के पाँचवें दिन भक्त सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनते हैं और माँ स्कंदमाता की प्रतिमा या चित्र स्थापित करते हैं। पीले या सफेद वस्त्र अर्पित करना शुभ माना जाता है। पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य और विशेषकर केले का भोग चढ़ाना लाभकारी है। ॐ देवी स्कंदमातायै नमः मंत्र का जप करने से आत्मा पवित्र होती है और साधक को दिव्य ऊर्जा प्राप्त होती है।














हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 27 सितंबर, 2025



## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्धया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

---

पुलगांव, पद्मनापुर और जामगांव आर में लंबे समय से पुरानी बिल्डिंग में हो रहे थे संचालित

# नए भवन बनकर तैयार, जल्द 3 थाने होंगे शिफ्ट, तीन चौकी की भी बदलेगी सूरत

जेएम तांडी ▶▶ भिलाई

लंबे समय से जिले के थाना भवन जर्जर हालत में पड़े हुए है, जिसे लेकर गृह विभाग ने भवन की स्वीकृति प्रदान की थी। इसमें थाना पुलगांव, पद्मनाभपुर, जामगांव आर में नया भवन बनना शुरू हो चुका है। अभी उक्त तीनों थाना भवन जर्जर हालत में पड़े हुए हैं। जहां से थाना संचालित हो रहा है। इसके अलावा चौकी जेवरा सिरसा, नगपुरा, लिटिया को भवन की आज भी दरकार है। साथ ही अब थाना सुपेला, नेवई को भई नए भवन की स्वीकृति गृह विभाग ने जारी किया है। जिसकी टेंडर प्रक्रिया में है।

शहर में उन थानों की स्थापना अर्से पहले की गई थी लेकिन इस बीच थानों को अपडेट नहीं किया गया। सिर्फ पुराने थाना भवन से ही काम चलाया जा रहा था। लेकिन एसएसपी विजय अग्रवाल के जिले में आने के बाद उक्त थाना चौकियों का निरीक्षण कर शासन को भवन के लिए पत्र व्यवहार किया था। जिसकी रिजल्ट आज सबके सामने है। पुलगांव 66.52 लाख नवम्बर, पदमनाभपुर 66.52 लाख 10 अक्टूबर और जामदगांव आर 60.52 लाख दिसंबर तक हैंडओवर होगा। उक्त तीनों थानों में अपराधों की भी लंबी लिस्ट है। यहां के भवन भी काफी जर्जर हो चुका है। यहां नए भवन की बड़ी जरुरत थी। इस साल के अंत तक तीनों थाना नए भवन में शिफ्ट हो जाएगें।

भवनों का निर्माण बेहतर ढंग से बनाया जा रहा है। फरियादी से लेकर गर अंगतुकों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था होगी। पुलगांव, पद्माभपुर शहर में और जामगांव आर ग्रामीण क्षेत्र में है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने नए थाना भवन का निरीक्षण करने निकले थे। भवन के काम में किसी तरह का लापरवाही न बरती जाए। इस कारण समय समय पर निरीक्षण करने पहुंचते हैं।



### तीन थानों में अपराध की स्थिति

| | |
|---|---|
| पुलगांव | 650 |
| पदमनाभपुर | 770 |
| जामगांव आर | 350 |
| **चौकियों में इतने अपराध** | |
| जेवरा सिरसा | 250 |
| लिटिया | 180 |
| नगपुरा | 120 |

### तीन पुलिस चौकी और दो थाना टेंडर प्रक्रियाधीन

जिले के तीन चौकी जेवरा सिरसा, लिटिया, नगपुरा को भी भवन की दरकार है। इसके लिए थाना नेवई 66.52 लाख, सुपेला 66.52 रुपए की लागत से भवन का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा चौकी जेवरा सिरसा 44.83 लाख, लिटिया 44.83 लाख, नगपुरा 44.83 लाख रुपए की लागत से नया भवन का निर्माण होना है। इनके लिए गृह विभाग ने टेंडर प्रक्रियाधीन है। इसमें सुपेला जामगांव आर में नया थाना भवन बनेगा। साथ चौकियों में लिटिया के लिए कलेक्टर दुर्ग द्वारा भूमि आबंटन प्राप्त् ग्रिम कार्यवाई के लिए पुलिस मुख्यालय की 17 सितंबर 2025 को पत्र प्रेषित किया है। नगपुरा के लिए भूमि आबंटन के लिए केलक्टर दुर्ग का पत्र प्रेषित किया गया है। जिसकी टेंडर प्रक्रियाधीन है।

### नया थाना भवन जल्द मिलेग

नए थाना भवन का काम चल रहा है। थाना पुलगांव, पदमनाभपुर और जामगांव आर इस साल के अंत तक हैंडवर हो जाएगा। जल्द तीनों थाने नए भवन में शिफ्ट होंगे। इसके अलावा चौकी जेवरा, लिटिया, नगपुरा और थाना सुपेला, नेवई में भी नए भवन के लिए टेंडर प्रक्रियाधीन है।

\- विजय अग्रवाल
एसएसपी दुर्ग

---

# दुर्ग जनपद सीईओ के कथित आपत्तिजनक स्टेटस को लेकर बवाल, कांग्रेस ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग जनपद के सीईओ रूपेश पांडेय के स्टेटस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बवाल मच गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में एसपी कार्यालय दुर्ग पहुंचकर शिकायत की। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर मामले में अपराध दर्ज करने की मांग की।

- कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने की मांग

इधर इस मामले में सीईओ पांडेय ने इसका खंडन किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई भी पोस्ट स्टेटस में शेयर नहीं किया। वे भी चाहते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो। कांग्रेस द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि 24 सितंबर की शाम 7 बजे सीईओ के मोबाइल नंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक पोस्ट स्टेटस में शेयर किया गया। लोक सेवक के पद पर रहते हुए इस तरह की पोस्ट बर्दाश्त नहीं की सकती। मामले में एफआईआर नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदीप चंद्राकर, राकेश हिरवानी, रिवेंद्र यादव, देवेंद्र, देशमुख, झमिक गायकवाड़, राजेंद्र ठाकुर, किशोरी लाल देशमुख, मुकेश साहू, रूपेश देशमुख, मोहित वालदे, दुष्यंत देवांगन सहित अन्य शामिल थे।



### शिकायत गलत हुई तो मानहानि का केस दर्ज कराउंगा

मैंने ऐसी कोई पोस्ट शेयर नहीं की है। यह संभवत: एआई आधारित कृत्य है, जो मुझे बदनाम करने के लिए किया गया है। मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, यदि शिकायत गलत हुई तो मैं मानहानि का केस दर्ज कराउंगा। पिछले दिनों मैंने दुर्ग जनपद के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी को धारा-40 का नोटिस दिया है। इस वजह से कुछ लोग राजनीतिक दबाव डालने के लिए षड़यंत्र कर रहे हैं, मैं डरने वालों में से नहीं हूं। अपना काम पूरी ईमानदारी से करता रहूंगा।

\- रूपेश पांडेय
सीईओ जनपद पंचायत दुर्ग

---

# ठगी के आरोपी को गुरुर पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया, इसके बाद छोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ठगी के एक मामले में गुरुर पुलिस ने आरोपी को घर से पकड़कर लाई और पूछताछ कर छोड़ने का मामला सामने आया है। जबकि आरोपी नयन राणा 77.50 लाख रुपए का सीमेंट, छड़ का झांसा देकर ठगी का आरोप है। नयन राणा को पुलिस पकड़ कर जांच के बाद गिरफ्तारी करने का दावा कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक चौहान टाउन स्मृति नगर निवासी नयन राणा संचालक हिमालय एग्रो कंपनी का है। गुरुर पुलिस थाने में नयन राणा के खिलाफ ग्राम धानापुरी निवासी लेखराम सिन्हा ठेकदार ने शिकायत के बाद नयन के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। पीड़ित ने भवन निर्माण के काम के लिए छड़ व सीमेंट की आवश्यकता पड़ने पर हिमालय एग्रो कंपनी के संचालक नयन राणा को रुपए दिया। लेकिन आरोपी सीमेंट समेत छड़ आदि रकम लेकर नहीं दिया। 130 टन सरिया का सौदा 48 हजार रुपये प्रति टन पर सौदा हुआ। 300 टन जेके लक्ष्मी सीमेंट 252 रुपये प्रतिबोरा के हिसाब से घर पहुंचाकर देने में सौदा हुआ। 5 जनवरी 2025 को पीड़ित ने आरोपी के खाते में कुल 24 लाख 50 हजार रुपये ट्रांसफर किए। नयन राणा द्वारा कुल माल की 65 प्रतिशत राशि भेजने के लिए बोला तो पीड़ित ने फिर 27 लाख रुपए भेज दिया। इसके बाद ठेकेदार को नयन राणा ने माल नही भेजने पर पीड़ित ने 26 लाख रुपये दिया। लेखराम ने नयन राणा को कुल 77. 50 लाख रुपए दिया है।



# हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025

# लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129





## ट्विनसिटी में दुर्गा प्रतिमाओं ने रमाया



**भिलाई।** जय माताजी दुर्गा उत्सव समिति जनता मार्केट कैंप दो।



**भिलाई।** नवयुवा एकता दुर्गोत्सव समिति राम जानकी मंदिर केम्प 1 में पिछले 33 सालों से माता की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।



**भिलाई।** नवोदय दुर्गोत्सव समिति फायर विकेट मैदान से.–1 भिलाई।



**भिलाई।** ओम दुर्गा उत्सव समिति शीतल मंदिर भिलाई।



**भिलाई।** मां वीणा वादिनी दुर्गा उत्सव समिति बीआरपी कॉलोनी स्टेशन मरोदा।

# गरबा व डांडिया में सतरंगी छटा बिखरी, झूमकर थिरके भक्त



**भिलाई।** डीजे का साउंड और राजस्थानी, बॉलीवुड गाने... जिस पर थिरकते लोग.....ऐसा ही कुछ नजारा था शुक्रवार को स्टील क्लब सेक्टर-8 में। रात करीब 9 बजे जब हजारों लोग हरिभूमि और आईएनएच के गरबा महोत्सव के साक्षी बनने पहुंचे। गुजराती गरबा गीतों पर एक साथ हजारों डांडिया खनक उठे। हाई बीट पर जब बॉलीवुड, राजस्थानी और गुजराती फ्यूजन बजा तो लोग खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक गरबे के उत्साह में रंगे नजर आए। डीजे पर पंखिड़ा ओ पंखिड़ा, उड़ी उड़ी जाए, ओढ़नी ओढू चुनरी उड़ी उड़ी जाए जैसे गरबा व डांडिया के रीमिक्स गीतों पर जब लोगों ने डांडिया खड़काना शुरू किया तो देर रात तक लोग मस्ती में झूमते नजर आए। इसके साथ ही शुक्रवार को दो दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन हो गया। इस महोत्सव के पहले ही दिन शहरवासियों में उत्साह नजर आया। गरबा करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। गुजराती पारंपरिक परिधानों में प्रतिभागी गरबा- दो ताली, तीन ताली, डांडिया, भवई, हींच घूमर से लेकर स्पेशल बॉलीवुड थीम लाइव डीजे राउंड एवं रेट्रो के साथ थिरकते रहे। माता के भजनों के साथ गीतों की शुरुआत हुई। उसके बाद गरबा में युवा नृत्य करते रहे। मातारानी की आरती के बाद दूसरे दिन गरबा महोत्सव शुरू हुआ। बच्चों से लेकर युवा और हर उम्र के लोग देर रात तक थिरकते रहे। कई कपल गुजराती ट्रेडिशनल पोशाक में पहुंचे। कुछ लाइट वाली ड्रेस तो कुछ मोर पंख वाली ड्रेस पहनकर पहुंचे। गरबा महोत्सव में विभिन्न राउंड आयोजित किए गए, जिनमें पुरस्कार भी दिए गए। देर रात तक लोग गरबा महोत्सव में शामिल होने के लिए पहुंचते रहे। चांद की रोशनी से ज्यादा लोगों के चेहरे पर चमक थी। यहां स्वाद, भक्ति और मस्ती का अनूठा संगम देखने को मिला। गरबे के दौरान पूरे देश की संस्कृति एक साथ नजर आई। गरबा राउंड, फिल्मी गीतों, भक्ति के गीतों सहित कई राउंड हुए।










### समापन समारोह में पहुंचे विस के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय और विधायक ललित चंद्राकर



हरिभूमि के गरबा उत्सव के समापन समारोह में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के इंद्रजीत सिंह, रोहित केशरवानी, दिव्या रतन भसीन, संजय खंडेलवाल, स्पर्श हॉस्पिटल से डॉ. संजय, डॉ. शिम्पी गोयल, अनामिका रमेश पटेल, संजय गुप्ता, स्वीटी कौशिक, कैलाश बरमेचा सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया। मुख्य रूप से एटी ज्वेलर्स, रायपुर, बालाजी बिल्डर्स, हाइटेक हॉस्पिटल, लायंस क्लब, फिजिक्स वाला, महक सैनिटेशन, चौहान ग्रुप, मैट्स यूनिवर्सिटी, माउंटेन ब्रीज, टीडब्ल्यूसी, गर्व प्रोडक्शन, लक्मे अकैडमी, लेटेस्ट कलेक्शन, सनलाइट फोटोग्राफर, मैक बाउंसर्स का सहयोग रहा। गरबा महोत्सव के अंत में बेस्ट फीमेल एंड मेल, बेस्ट ड्रेस अप, ऑल ओवर पार्टिसिपेशन, बेस्ट किड्स सहित बच्चों की पांच कैटेगरी, बेस्ट चौकड़ी सहित अन्य को पुरस्कृत किया गया।








### संगीत महाविद्यालय में नवरात्र पर भाव राग मंजरी श्रृंखला में भजनों की प्रस्तुति

# स्टूडेंट्स ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का किया जीवंत चित्रण, गरबा में जमकर झूमें भक्त

कार्नर न्यूज



दुर्ग। नवरात्रि के अवसर पर संगीत कॉलेज दुर्ग में नौ दुर्गा के नौ रूपों और भजनों पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मां दुर्गा के भक्तिमय स्वरूपों का चित्रण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नौ दुर्गा के रूपों की आराधना से हुई। जिसमें कलाकारों ने शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री मां के स्वरूपों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात भजनों की श्रृंखला में जगदीश बामनिया, जीव नंदन, राजेंद्र गुप्ता तथा रामचंद्र घोष, नीलम साहू ने मां के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी।



#### नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना

संगीत कॉलेज दुर्ग प्राचार्या डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि का यह अवसर हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है। कॉलेज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों को संगीत, भक्ति तथा नृत्य के माध्यम से भारतीय परंपराओं से परिचित कराने का प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार रामचंद्र घोष तथा तिलक राम वर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. निधि वर्मा, वत्सल तिवारी, राजेंद्र, येशवंत साहू, धनराज भोयर का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान परंपराओं को सहेजने का लिया संकल्प।

#### मां दुर्गा की स्तुतियां और जसगीत की रही प्रस्तुति, मां की भक्ति में डूबे

कार्यक्रम में समूह गान का भी विशेष आकर्षण रहा, जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं सुमन, अमन, राजेश्वरी, सीमा, योगिनी, वंदना, नेहा ,मंजू, कुस्मिता, विवेक, ऋषभ, खिलेम्द्र, मनीष, त्रवीन, सुरेश एकजुट होकर मां दुर्गा की स्तुतियां एवं जस गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। हारमोनियम पर माधो राम सिन्हा ,सौरभ एवं टेबल पर अरुण और मनीष ने संगति की। अंत में पारंपरिक गरबा नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें प्रकाश कश्यप ने गरबा के स्टेप्स बताए। इन कलाकारों की मधुर आवाज ने दर्शकों को मां की भक्ति में डूबा दिया। कॉलेज परिसर में स्टूडेंट्स गरबा खेला। हिन्दी, गुजराती, छत्तीसगढ़ और पंजाबी गीतों पर थिरके।

## सिटी इवेंट

# पं. दीनदयाल ने एक नए युग का सूत्रपात किया : अखिलेश



**भिलाई।** भाजपा जिला भिलाई के द्वारा जनसंघ के संस्थापक सदस्य, राष्ट्र भक्त, साहित्यकार, लेखक, एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी थे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजेश बिचपुरिया, वीरेंद्र साहू, महेश वर्मा, शिरीष अग्रवाल, खिलावन साहू, तुलसी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

- एकात्म मानववाद के रहे प्रणेता
- दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे

अखिलेश सोनी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का समग्र जीवन राष्ट्रवाद के विचारधारा को मजबूत करने के लिए रहा है। उन्होंने अंत्योदय की विचारधारा को प्रमुखत से रखा। पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता रहे हैं। सादा जीवन, उच्च विचार और दृढ़ संकल्प व्यक्तित्व के धनी थे। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया था। उन्होंने राजनीति को जन सेवा का माध्यम बताया था। स्वदेशी आर्थिक मॉडल को अपनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एकात्म-मानववाद को रेखांकित किया। रिकेश सेन ने कहा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा जिला के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। रक्तदान में भिलाई जिला देश में पहला स्थान आया है।

इस अवसर पर प्रेम लाल साहू, विजय जायसवाल, योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, राम उपकार तिवारी, विनोद सिंह, उपासना साहू, के गणपति, राजेंद्र सिंह, लीमन साहू, जितेंद्र यादव, नटवर ताम्रकार, स्वीटी कौशिक सहित अन्य मौजूद थे।

## धर्म लाइव

# दाऊ मंदराजी लोक कला अवार्ड से हरीश का अनुज ने किया सम्मान



**भिलाई।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई का आयोजित शिक्षक स्वाभिमान दिवस और हिन्दी दिवस पर प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को प्रबुद्ध नागरिकों, कवि, लेखकों, साहित्यकारों, पत्रकारों, उत्कृष्ट शिक्षकों, लोक कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की शानदार भागीदारी, उल्लेखनीय उपस्थिति हुए, जिसमें छत्तीसगढ़ के 55 प्रतिभावान व्यक्ति को सम्मानित किया गया। इसमें पाटन उरला से हरीश साहू दाऊ मंदरा लोक कला अवार्ड से सम्मानित हुए। फिल्म अभिनेता व धरसीवा ब्लॉक के विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने हरीश को अवार्ड से सम्मानित किया। अनुज ने कहा कि हरीश कोई परिचय का मोहताज नहीं है। लगभग सभी क्षेत्रों में अग्रणीय रहते जैसे कराते, उद्घोषक, अभिनय, गायन, नित्य, मानस (राम कथा) शायर, साहित्यकार सभी में कुशल, निपुण है। हरीश एक बेहतरीन कलाकार है। अनुज ने आगे और कहा कि कला ईश्वर की इबादत है। यह खुदा की नेमत है। कला के माध्यम से हम ईश्वर की सेवा कर सकते हैं। दुर्ग जिला से ही भगवती साहू, प्रभा साहू, विनीता साहू, अभिषेक टंडन को भी सम्मानित किया गया।

- कला ईश्वर की इबादत, यह खुदा की नेमत है।

## समाज इवेंट

# आईटीआई के विद्यार्थियों ने किया रक्तदान, 34 यूनिट ब्लड कलेक्ट



**दुर्ग।** आईटीआई दुर्ग में जनहितकारी गतिविधियों के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाना एवं रक्तदान जैसे पुण्य कार्य के लिए युवाओं को प्रेरित करना था। संस्था परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने मिलकर सफाई कार्य किया, जिससे स्वच्छता के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत हुई। इसके बाद आयोजित रक्तदान शिविर में अनेक प्रशिक्षार्थियों, शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 34 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो ज़रूरतमंदों के जीवन को संजीवनी प्रदान करेगा। संस्था के प्राचार्य प्रतिक कुमार साहू ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है। स्वच्छता और रक्तदान जैसे कार्य न केवल समाज को सशक्त बनाते हैं, बल्कि आत्मिक संतोष भी प्रदान करते हैं।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सेवा संकल्प के साथ हुआ।

- सेवा ही सच्चा धर्म, रक्तदान से जरुरतमंदों को मिलेगी जिंदगी

---

● केंद्र और राज्य प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से तैयार किया प्रोजेक्ट, गठित सहकारी समिति करेगी संचालन

# प्रदेश का पहला साथी बाजार दुर्ग में, महिलाओं को मिलेगा रोजगार, 2 साल में बनकर होगा तैयार

**भिलाई।** बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल की तरह एक नया सरकारी साथी बाजार हुडको भिलाई में खुलने जा रहा है। यह प्रदेश में अपने तरह का पहला बाजार होगा, जहां एक ही जगह पर जरुरत के सारे सामान उपलब्ध होंगे। इसके लिए करीब साढ़े 7 एकड़ जगह भी चिन्हित कर ली गई है। रिटेल आउटलेट, फूड कोर्ट, एग्री मॉल, कृषि सहायता केन्द्र, सिनेमा घर, गेमिंग जोन, गार्ड, छोटे-छोटे फूड पार्क सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बीज निगम ने मौके पर उपलब्ध 18 एकड़ जगह में से साढ़े 7 एकड़ जगह उपलब्ध करा दी है।

इस जगह पर 146 दुकानों के लिए 2 हजार वर्गफीट से लेकर 15 हजार वर्गफीट तक की जगह उपलब्ध कराई जाएगी। खास बात यह है कि केंद्र और राज्य प्राधिकरण मिलकर मौके पर सड़क, पानी, बिजली से लेकर अन्य सभी मूलभूत जरुरत की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। इसके बाद रजिस्ट्रेशन के आधार पर एक नई सहकारी समिति गठित की जाएगी। यह समिति ही दुकानों का आवंटन करेगी। इसके शुल्क का निर्धारण करेगी। जानकारी के मुताबिक अगले 11 महीने में प्रोजेक्ट की शुरुआत होनी है। वहीं दो साल में हुडको में यह साथी बाजार पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगी। इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जिला पंचायत के सभागार में एक बैठक हुई। बैठक में चेंबर ऑफ कामर्स और महिला समूह के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिन्हें साथी बाजार के नेशनल कॉर्डिनेटर मनीष शाह और स्टेट कॉर्डिनेटर अनुराग लाल ने विस्तार से केंद्र सरकार के इस प्रोजेक्ट की जानकारी दी।




### शॉपिंग मॉल की तर्ज पर उपलब्ध होंगी सारी सुविधाएं



स्टेट कोर्डिनेटर अनुराग लाल ने बताया कि साथी बाजार केंद्र एवं राज्य सरकार एवं ऐसा बाजार होगा, जहां सभी प्रकार की दुकानें एक ही जगह पर उपलब्ध होंगी। शॉपिंग माल की तर्ज पर इसे तैयार किया जा रहा है। सिनेमा घर, गेम जोन, होटल, रेडीमेट दुकाने, होल सेल सेंटर, किराना, रेडिमेंट, कपड़ा, बर्तन, आर्टिफिसियल ज्वेलरी, गार्डन, पार्क, सब्जी, फ्रूट मार्केट, सौर ऊर्जा निर्माण कर शॉप पर जैसे कोल्ड स्टोरेज जैसी व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। राज्य एवं केंद्र सरकार की इस महत्ती योजना विशेषकर सभी छोटे दुकानदारों को जब पूरी तरह से सरकार मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। निर्माण कार्य पर भी लोन व्यवस्था होगी। सारा बाजार का कार्य क्षेत्र प्रथम चरण लगभग 7.5 एकड़ का तय होगा, जिसकी साइज, नक्शा तय हो चुका है।

### रोजगार से जोड़ने की रहेगी प्राथमिकता

इस बाजार में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। उन्हें उत्पाद तैयार करने से लेकर बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। आयोजित बैठक में चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अनूप गटागट चेम्बर, महिला विग की जिला महामंत्री नीतू श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव चंद्राकर, सुदीप अग्रवाल, प्रदेश मंत्री जवाहर जैन, डॉ. राहुल गुलाटी, महिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी, कुलदीप सिंग, मौजूद थे।

### पूरे जिले के लिए रोल मॉडल साबित होगा हुडको का साथी बाजार

पूरे जिले के लिए हुडको का साथी बाजार रोल मॉडल साबित होगा। थोक कपड़ा मार्केट हो या सूर्या मॉल इससे बेहतर सुविधाएं हर वर्ग के लिए उपलब्ध होंगी। बीज निगम ने जमीन हस्तांतरित कर दी है। आगामी 11 महीने में प्रोजेक्ट में काम शुरू होना है। इसके साथ ही कंस्ट्रक्शन शुरू होगा, दो साल में यह सरकारी सेटअप बनकर तैयार हो जाएगा।

**अनूप गटागट,** अध्यक्ष चेंबर ऑफ कामर्स

---

## संजय रुंगटा ग्रुप इंस्टीट्यूशन्स का आयोजन

# हेल्थ केयर सलूशन, एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी सहित रिसर्च बेस्ड प्रोजेक्ट पर किया मंथन





**भिलाई।** मध्य भारत की प्रतिष्ठित संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स भिलाई में पिछले एक दशक की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आविष्कार 2026 का शुभारम्भ किया गया। संस्था के चेयरमैन संजय रूंगटा और डायरेक्टर डॉ. साकेत रूंगटा के कुशल मार्गदर्शन तथा दूरगामी सोच के तहत छात्रों में शोध अभिरुचि विकसित करने के दृष्टिकोण से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशांत माथुर सीईओ आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के मुख्य आतिथ्य तथा विष्णु वैभव द्विवेदी चीफ टेक्नोलॉजी अफसर आईआईटी भिलाई के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम डॉ. श्रीकांत बुर्जे डायरेक्टर एकेडेमिक्स संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। आविष्कार 2026 के चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव प्राचार्य तथा डॉ. लुम्बिनी विभागाध्यक्ष ने बताया की यह प्रतियोगिता भिन्न-भिन्न संकायों के लगभग 6000 छात्रों हेतु आयोजित की जानी है। मुख्य रूप से हेल्थ केयर सलूशन, एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी, आंत्रप्रेन्योरशिप बेस्ड मॉडल इत्यादि थीम पर रिसर्च बेस्ड प्रोजेक्ट बनाये एवं प्रदर्शित किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉ ज्ञानेश श्रीवास्तव ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित प्रतियोगियो को प्रतियोगिता की रुपरेखा, नियम, महत्वपूर्ण तिथियों तथा पुरस्कार इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशांत माथुर ने शोध के विभिन्न आयामों तथा विस्तृत सम्भावनाओं पर बात रखी। विष्णु वैभव द्विवेदी ने शोध की अलग-अलग क्षेत्रों में महत्ता पर प्रकाश डाला। 2025 से प्रारम्भ इस प्रतियोगिता का फाइनल फरवरी 2026 में संपन्न होगा। इस दौरान प्रतियोगियों को उनके प्रोजेक्ट पर आधारित रिसर्च पेपर पब्लिकेशन, पेटेंट ग्रांट इत्यादि शोध गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जावेगा। इस अवसर पर रूंगटा कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च तथा आईआईटी के मध्य एमओयू भी साइन किया गया। कार्यक्रम के अंत में. डॉ लुम्बिनी ने आभार व्यक्त किया।

## पद्मनाभपुर में दो दिवसीय गरबा आज से

# गरबा में थिरकेंगी छालीवुड अभिनेत्री काजल श्रीवास, तिरांजलि व शालिनी



**दुर्ग।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर भक्ति और शक्ति की आराधना के लिए पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में इस वर्ष भी दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 27 और 28 सितंबर को पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है। पिछले वर्ष हुए ऐतिहासिक आयोजन की सफलता के बाद इस वर्ष भी गरबा महोत्सव को और अधिक भव्य और यादगार बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में है। पिछले आयोजन में हजारों महिलाओं की सहभागिता और पूरे शहर की सराहना ने इसे ऐतिहासिक बना दिया था। सभी दलों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लिया था। इस बार आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए फिल्म जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री काजल श्रीवास , एश्वर्या साहू और तिरांजली गोस्वामी , शालिनी विश्वकर्मा, एवं अन्य कलाकार विशेष रूप से शिरकत करेंगी। गरबा महोत्सव को सफल बनाने में हिन्दू युवा मंच की पूर्व परंपरा भी महत्वपूर्ण रही है। मंच द्वारा पूर्व वर्षों से गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। कई वर्षों से स्टेडियम में ही दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है एवं खेल में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए भी स्टेडियम में समय समय पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन का किया जाता रहता है। इस आयोजन की तैयारियों में अध्यक्ष गौरव उमरे, आयुष शर्मा, चिराग शर्मा, अमोल जैन, विक्रांत वर्मा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

---

## जिला सहकारी बैंक की 110 वीं वार्षिक आमसभा बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

# जिला सहकारी बैंक को आरबीआई और नाबार्ड से ऑडिट में मिला ए ग्रेड, इस साल सबसे ज्यादा 160 .93 करोड़ का प्रॉफिट

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 110 वीं वार्षिक साधारण सभा बैठक बीआईटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बैंक से सम्बद्ध सहकारी समितियों के बैंक प्रतिनिधियों ने आमसभा में भाग लिया। आमसभा की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बैंक के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के निर्धारित मापदंड के अनुसार अंकेक्षण में अ वर्ग प्राप्त किया है।

आमसभा में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके जोशी ने बैंक के वार्षिक प्रतिवेदनो का वाचन किया, जिसमें बैंक ने वर्ष 2024-25 में राशि 160.93 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया है, जो बैंक के इतिहास में किसी एक वर्ष में सर्वाधिक लाभ है। बैंक द्वारा सभी आवश्यक प्रावधान करते हुए शुद्ध लाभ 54.83 करोड़ अर्जित किया। बैंक द्वारा अपने सदस्य समितियों को 11.19 करोड़ रु. लाभांश भुगतान करने का निर्णय वार्षिक आमसभा में लिया गया। आमसभा में बैंक की वित्तीय पत्रकों एवं अन्य प्रस्तावों की सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रतिनिधियों द्वारा दी गई।




### सुझाव पर चर्चा के उपरांत सार्थक प्रयास का आश्वासन

कलेक्टर ने बैठक में सुझाव और मांगों को ध्यान से सुना। इसके बाद सार्थक प्रयास का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष की धान खरीदी जल्द शुरू होनी है। इसके लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। जल्द ही शासन की गाइडलाइन जारी होनी है। इसके आधार पर धान की खरीदी होगी। बैठक में अंशु गोयल डीडीएम नाबार्ड, एके सिंह उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बेमेतरा, बैंक अधिकारी एसके निवसरकर, हृदेश शर्मा, कुसुम ठाकुर, केके नायक, एएस खान, एसपी वाहन, आरके मोहन माला, रामकुमार वर्मा, रोहित वर्मा, चन्द्रषेखर मानिकपुरी, समीर अग्रवाल, दीपक शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### धान सूखत का पैसा किसानों को दिए जाने का सुझाव

इस अवसर पर आमसभा में उपस्थित प्रतिनिधियों नथमल कोठारी समिति चेचानमेटा किसानों के फसल ऋण सीमा में वृद्धि की मांग की गई। राजाराम सिंह ठाकुर समिति मजगांव ने कहा कि पिछली धान खरीदी व्यवस्था खराब थी। दो उपार्जन केन्द्र बनाया जाएं। प्रकाश वर्मा हसदा ने खाद का अग्रिम भंडारण की मांग, प्रबल सिंह जेवरा बैंक शाखा जेवरा को नये भवन में स्थानांतरण की मांग की। इसी प्रकार पवन जैन अहिवारा ने खाद परिवहन के कमीशन में वृद्धि का सुझाव दिया। उत्तम चन्द्राकर बोरई, हरदेव लाल सार्वा हल्दी बीमा कमीशन एवं समिति के लाभांश में वृद्धि की मांग की। चमनलाल साहू लाटाबोड़ ने धान खरीदी में सूखत का पैसा शासन से दिलाने की मांग की। कृष्णाराम साहू पीपरछेड़ी एकमुश्त समझौता योजना लागू करने की मांग रखी। संतोष निर्मलकर रहटादाह ने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानो का पंजीयन नहीं हो रहा है। उत्तम चन्द्राकर, बटाईदार एवं नामांतरण प्रकरणों का पंजीयन नहीं हो रहा है। दिलीप कुमार कुम्हारे समिति कलंगपुर पशुपालन ऋण का सरीलीकरण करने का सुझाव दिया। योगेन्द्र दिल्लीवार अण्डा द्वारा अपना सुझाव दिया गया। समितियों से संबंधित समस्याओं को उठाया गया।

## खबर संक्षेप



### सेलूद शीतला मंदिर में 109 ज्योत कलश प्रज्जवलित

**सेलूद।** शारदीय नवरात्र में ग्राम सेलूद शीतला में 109 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर सरपंच खिलेश बबलु मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, रवि पटेल, राजेन्द्र वर्मा, सुरेंद्र कुर्रे, सुभाष बंछोर पंच, ग्राम पुरोहित कालेश्वर प्रसाद शुक्ला, शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष संजय यादव आदि मौजूद थे।

## निधन

### जितेंद्र शर्मा



**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार भिलाई निवासी जितेंद्र शर्मा (लक्की) का आकस्मिक निधन 26 सितंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 सितंबर को सुबह 10.30 बजे उनके निज निवास न्यू खुर्सीपार भिलाई से डबरापारा मुक्तिधाम भिलाई के लिए निकलेगी। वे प्रहलाद शर्मा के पुत्र, संतु शर्मा के भाई एवं शुभम, प्रिंस शर्मा के पिता थे।

### अनिल बंसल



**दुर्ग।** कादंबरी नगर दुर्ग निवासी अनिल बंसल का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 26 सितंबर को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे सत्य प्रकाश बंसल के छोटे पुत्र एवं सुनील बंसल के भाई थे।

## किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल बोले-किसान बेबस और सिस्टम बेपरवाह

# रकबा सुधार और बिजली दुरुस्ती पर किसानों का सरकार को अल्टीमेटम, कहा- अब और बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

धमधा के किसान बंधु संगठन ने शुक्रवार को किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल के नेतृत्व में पूरे राजस्व सिस्टम और बिजली विभाग के द्वारा अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जहां एक ओर मौसम सुबह से ही बारिश की झड़ी लेकर आया था लेकिन किसानों के आक्रोश के आगे मौसम भी बाधा नहीं बन पाया। बरसते पानी में किसान अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा के कार्यालय पहुंचे और जमकर नारे बाजी की। तेज बारिश में भी किसानों की सैकड़ों की तादाद ने आक्रोश को जाहिर किया।

**समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरे किसान**




### अब किसान विरुद्ध सिस्टम

एक तरफ समूचे छत्तीसगढ़ में किसान खाद बिजली और धान पंजीयन राजस्व प्रकरण जैसे न जाने किन किन समस्याओं से जूझ रहे है। ऐसे में किसानों के द्वारा आंदोलन इस पूरे सिस्टम के खिलाफ करने का मन बना लिया है । इसके लिए धमधा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा को किसानों ने ज्ञापन सौंपा है।

### राजस्व त्रुटि सुधार के मामले से परेशान है किसान, लगा रहे तहसील का चक्कर

धमधा तहसील में इन दिनों चल रहे राजस्व त्रुटि सुधार के मामलों से किसान परेशान हैं। जिसमें पटवारियों और कर्मचारियों की गलती से किसान के खाते में उसका रकबा कम या ज्यादा हो रहा है। बावजूद इसे सुधारने बार बार तहसील के चक्कर लगाना होता या फिर उसे केस दर्ज करने की नसीहत दी जाती है। केस में फिर इश्तिहार देने और पुराने दस्तावेज लाने से परेशान किसान को तारीख दे दे कर साल से दो साल परेशान किया जाता है। इसी तरह धमधा क्षेत्र में आधा से ज्यादा तकरीबन 40 गांव विद्युत व्यवस्था के लिए ठेलका सब स्टेशन के ऊपर आश्रित है। जहां इन दिनों पिछले कई साल से अघोषित बिजली कटौती करके किसानों से छल किया जा रहा है । आए दिन बिजली व्यवस्था की समस्या बहुत खराब स्थिति में दिखाई पड़ रही है। जिससे किसानों के फसलों तक खासा असर पड़ रहा है। जिसका सीधा असर फसल के पैदावार में दिखाई पड़ेगा जब विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी को फोन लगाया जाता है तो उसके द्वारा कम कर्मचारी का हवाला दिया जाता है। जिसके चलते आज कर्मचारी में वृद्धि और विद्युत व्यवस्था में तेजी से सुधार करने के बात कही। जिसमें किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल , आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक , मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, चंद्रकांत राजपूत , भवानी सिन्हा, गिरधर वर्मा, पेखन यादव, लेखराम वर्मा , धनेश वर्मा , जयप्रकाश, विश्वकर्मा वर्मा और शोभा यादव इत्यादि किसान जन उपस्थित थे ।

### जल्द ही करेंगे निराकरण

“ किसानों की हर समस्या को पहली प्राथमिकता दी जाएगी,जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

सोनाल डेविड, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा

## मोर रास गरबा का 28 को फायनल

**भिलाई।** मोर रास गरबा 28 सितंबर को होटल अंजनी पैलेस आरोग्यम अस्पताल के बाजू में टोयटा शो रुम बाइपास दुर्ग में शाम 6 बजे से आयोजित है। आयोजिका रोजलीना सिंह ने बताया कि 17 से 21 सितंबर तक प्री नवरात्री का आयोजन स्टील क्लब सेक्टर 8 आयोजित किया गया था। उसके बाद ग्रैंड फिनाले 28 सितंबर को किया जा रहा है। इस दौरान महाआरती भी किया जाएगा। रोजलीना सिंह के मुताबिक जज के रुप में दीप्ती केशरवानी,खुशबू मिश्रा,एशवर्या रंजन और अतिथि के रुप में भावेश स्वामी, स्पेशल अतिथि अंजली पवार भी मौजूद होगी। रोजलीना सिंह ने बताया कि इसके लिए माह भर से तैयारी की जा रही थी। भिलाई-दुर्ग समेत बाहर से भी मोर रास गरबा में शिरकत करने पहुंचते है।हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागी पूरी तरह से वेशभुषा में होंगे।

## केशरवानी गुप्ता समाज ने मनाई कश्यप जयंती



**धमधा।** धमधा नगर केशरवानी समाज के अध्यक्ष संतोष गुप्ता (मुन्ना दाऊ) के निवास में कश्यप जयंती का आयोजन किया गया, जिसमे समाज के पुरुष महिलाओं ने हिस्सा लिया! केशरवानी गुप्ता समाज के आराध्य ऋषि कश्यप मुनि का प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी जयंती मनाया गया जिसमे समाजिक गणो ने कश्यप ऋषि के चित्र पर फूल माला अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की पश्चात सेवा मंडली द्वारा सेवा गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने समाज के हित के लिए सभी को एक साथ कंधे ऐ कंधा मिलाकर बिना राग द्वेष साथ चलने की अपील की। कार्यक्रम को पूर्व न. प. अध्यक्ष राजीव गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री दिलीप गुप्ता, कांग्रेस नेता संदीप गुप्ता एवं वरिष्ठ व्यापारी दिनेश गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में समाज के राजकुमार गुप्ता, देवेंद्र कालीचरण गुप्ता, शैलेन्द्र गोपी गुप्ता, पूर्व न. प अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, स्वाति गुप्ता,नीलमणि गौरी गुप्ता, गुंजन सहित अन्य लोगो ने अपनी सहभागिता दी।

## नवरात्रि पर दुर्गोत्सव की धूम



जामगांव आर। सार्वजनिक दुर्गात्सव बाजार चौक जामगांव आर।



अंडा। न्यू आदर्श दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक खपरी सिलोदा अध्यक्ष चितरंजन साहू।



अंडा। नव दुर्गा उत्सव समिति खपरी सिलोदा 43वां वर्ष दुर्गा चौक अध्यक्ष नारायण साहू।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कांती ज्वेलर्स में उपहार जीतने का सुनहरा अवसर



**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नवरात्रि एवं दिपावली के शुभ अवसर पर उपहारों की बरसात एवं दिवाली धमाका ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। दिवाली धमाका ऑफर 25 एवं 26 सितंबर को है। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

## बीएम कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन




**भिलाई।** बीएम कॉलेज पुलगांव दुर्ग में 20 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के शुभ अवसर पर एल्युमनी मीट एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बीएम कॉलेज के डायरेक्टर बी साव, एमएल साव एवं गोकुल नगर वार्ड पार्षद अश्वनी निषाद के द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। महाविद्यालय छात्र छात्राओं द्वारा श्रीफल एवं साल भेंट कर महाविद्यालय डायरेक्टर, पार्षद एवं सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। पार्षद अश्वनी निषाद द्वारा विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये शिक्षा के उद्देश्य एवं महत्व पर जोर देते हुये नारी शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही साथ महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव एवं पार्षद द्वारा पूर्व छात्र - छात्रों का भी श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मानित किया गया। एल्युमनी एसोसिएशन के लिए सर्वसम्मति से डिगेन्द्र कुमार को अध्यक्ष, विवेकानंद को उपाध्यक्ष एवं रविशंकर को सचिव पद पर चयनित किया गया। सभी पूर्व छात्र - छात्राओं के द्वारा अपने कॉलेज जीवन का अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों को साझा किये और निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किये। अंतिम में महाविद्यालय सहा. प्राध्यापक रश्मिरानी तिवारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भविष्य में एल्युमनी मीट रखा जायेगा जिसमें आप सभी कि उपस्थिति एवं सहयोग कि कामना की जाएगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## फर्जी अंगूठे का हस्ताक्षर कर इकरारनामा बनवाया, किसान ने थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

फर्जी अंगूठे का हस्ताक्षर कर इकरारनामा तैयार करने का मामला सामने आया है। इस लेकर चार लोगों ने मिलकर जेवरा पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। गोपालपुर घुमका राजनांदगांव निवासी कलि, बालोद निवासी कलिन्द्री, डोरी रक्षा देवरी निवासी दिलेश्वरी निषाद, करहीडीह दुर्ग निवासी दिलेश्वर निषाद उर्फ दुलेश्वर ने मामले में शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि भाई ईश्वर निषाद व परिवार ग्राम करहीडीह दुर्ग में निवास करते हैं। कृषि भूमि पहनं.15/49 रानिम सिकोला दुर्ग खसरा 144/6 रकबा 0.0370 हे स्थित है। शासकीय अभिलेख में सभी भाई बहनों का नाम दर्ज था। आरोप है कि परिवार के नाम पर उक्त जमीन को हड़पने के लिए अशोक सिंह ने झूठ इकरारनामा तैयार कर ईश्वर निषाद को नोटिस भेजा। पीड़ित को पता चला कि अशोक सिंह ने अपने सहयोगी राजेश सिंह के साथ मिलकर साजिश कर ईश्वर निषाद के गवाह जसवंत को सादे कागज में फर्जी हस्ताक्षर करवाया है। उसी कागज में पीड़ितों का भी फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठे का भी हस्ताक्षर कर इकरारनामा तैयार कराया। पीड़ित ने बताया कि अशोक सिंह ने फर्जी दस्तावेज के जरिए दबाव बनाने का प्रयास किया है। लगातार उसके द्वारा धमकी दी जा रही है। झूठे केस में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

- जेवरा पुलिस क्षेत्र की घटना
- किसानों को झूठे केस में फसाने का आरोप

### पीड़ितों से गाली गलौज कर करते हैं परेशान

फर्जी इकरारनामा में 15 मार्च 2021 को बनाया गया है। लेकिन रजिस्ट्री का समय 15 दिसंबर 2021 उल्लेख है। जमीन फर्जी रुप से 23 लाख में खरीदी करने का इकरारनामा बनाया गया। जमीन की कीमत 2021 में 41 लाख रुपए से अधिक रही है। जबकि परिजन कम कीमत में इकरारनामा बना नहीं सकते है। ईश्वर निषाद ने बताया कि अशोक सिंह व राजेश सिंह ने मिलकर फर्जी इकरारनामा तैयार किया। इसके अलावा अशोक और संजय सिंह लगातार गाली गलौज कर प्रताड़ित करते हैं। पीड़ित के भाई ईश्वर निषाद ने बताया कि राजेश सिंह अपने होटल, बार में ही सादे स्टाम्प पेपर पर जसवंत, अन्य का हस्ताक्षर कराया था। परिजनों के सहमति के बगैर संयुक्त नाम से जमीन पर प्रिकास्ट बाउंड्री करवा दी। बहरहाल मामले में जांच जारी है।

## किसानों की समृद्धि और खुशहाली हमारी सरकार का प्रमुख ध्येय : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



उतई मवेशी बाजार में वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित उतई द्वारा धान उपार्जन उपकेन्द्र खोपली सीसी रोड का लोकार्पण व मां शीतला बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित उतई का उदघाटन एवं वार्षिक आमसभा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, जिला मंत्री रोहित साहू, वृहत्ताकार सहकारी समिति अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष उतई सरस्वती साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख, मण्डल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री प्रवीण यदु, महामंत्री चंदू देवांगन, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, समिति प्रबंधक गिरधर सोनी सहित भाजपा के पदाधिकारी गण, पार्षद गण एवं किसान भाईयों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान किसान भाइयों के साथ फीता काट कर लोकर्पण व उदघाटन किया। व सभी किसान भाइयों को शुभकामनाएं दी। साथ ही 10वीं 12वीं में मेरिट आए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं किसान भाइयों का सम्मान कर उन्हें कृषक सम्मान निधि वितरण किया ।

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
प्रो.क्र. 619 एवं 620
पेशी दि. 10/11/25
वाद क्रमांक MACT/116/25
न्यायालय (यशवंत कुमार सारथी) तृतीय अतिरिक्त मोटरदुर्घटना दावा प्राधिकरण, दुर्गजिला-दुर्ग (छ.ग.),
आवेदक-पौरवी मानिकपुरी, अनावेदक राजा साहू वगै.
बनाम (1) राजा साहू s/o फुलेश्वर साहू उम्र-31 वर्ष (2) फुलेश्वर साहू s/o जागेश्वर साहू, दोनों निवासी- ग.न. 120 सतनामी पारा वार्ड नं.-2 उरला अछोली जिला- रायपुर (छ.ग.)- 492003
क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10 माह 11 सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपको अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 24/09/25 को न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
(यशवंत कुमार सारथी)
तृतीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण
दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

## पोस्टर, बैनर लगाने पर की गई कार्रवाई के विरोध में किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

इस्पात नगरी भिलाई के मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार की दोपहर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश के कानपुर में आई लव मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के पोस्टर, बैनर लगाने पर की गई पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में था। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की अगुवाई में भिलाई-तीन, रिसाली, रूआबांधा, हुडको, कैम्प व खुर्सीपार क्षेत्र सहित आसपास की तमाम मस्जिदों के इमाम और मस्जिद कमेटियों के ओहदेदारों की अगुवाई में यह विरोध प्रदर्शन हुआ। जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ईदगाह मैदान में बड़ी तादाद में पहुंचे लोगों ने हाथों में आई लव मुहम्मद सललल्लाहो अलैहि वसल्लम के पोस्टर-बैनर थाम रखा था, वहीं पूरे मैदान में भी जगह-जगह बैनर लगाए गए थे। इस दौरान राष्ट्रपति से मांग की गई कि द्वेषपूर्ण की गई एफआईआर को रद्द किया जाए। मस्जिदों से लोग बड़ी तादाद में जुलूस की शक्ल में ईदगाह मैदान पहुंचे। इस अवसर पर भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग, इमामो-खतीब हाफिज इकबाल अंजुम हैदर, मुफ्ती जामी कमर, मुफ्ती कलीम कादरी, मौलाना गुलाम मोहिउद्दीन, हाफिज मंजर हसन, मुफ्ती मजहर, मौलाना सलीमुल कादरी, मौलाना तंजीम अहमद, मौलाना अब्दुल मजीद, मौलाना शराफत नूरी और मौलाना आरिफ ने अपनी बातें रखीं। एक अन्य आयोजन में मोहर्रम कर्बला कमेटी के प्रमुख गुलाम सैलानी व अन्य ने इसी मुद्दे पर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को अलग से ज्ञापन सौंपा।

- मस्जिदों के इमाम बोले- नबी की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं, एफआईआर रद्द करने उठाई मांग

**प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भिलाई-दुर्ग**
मुख्य शाखा : शॉप नं.-11, ए मार्केट, सेक्टर-2, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
दुर्ग शाखा : आई.एम.ए. चौक, रानी लक्ष्मीबाई शाला परिसर, मोहन नगर दुर्ग (छ.ग.)
फोन नं.- मुख्य शाखा- 2223842, फैक्स नं.- 2226242, दुर्ग शाखा- 4012413, 2333080
**वार्षिक सर्व साधारण सभा की सूचना**
बैंक की समस्त सम्माननीय अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक की वार्षिक सर्व साधारण सभा का आयोजन रविवार दिनांक 28.09.2025 को प्रातः 11.00 बजे **महाराष्ट्र मण्डल** सड़क-3, सेक्टर-4, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के सभागृह में किया गया है। इसकी सूचना समस्त सदस्याओं को डाक द्वारा बैंक में उपलब्ध पते पर भेजी जा चुकी है। जिन सदस्याओं को डाक द्वारा सूचना न मिली हो, इसे ही सूचना मानते हुये सभा में उपस्थित होने का निवेदन है।
प्रतुल पी. भेलोंडे
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

## धनोरा में पंचमी आज



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 27 सितंबर शनिवार को शाम 7 बजे माता रानी के सिंगार कलश चढ़ावा के पश्चात माता रानी की 108 दीपक द्वारा विशेष आरती की जाएगी। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया गया है कि अपने अपने घरो से जितना ज्यादा से ज्यादा आरती के लिए थाल सजाकर दरबार में पहुंचे ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

# एक्ट के अनुसार नहीं मिलता बोनस

### उत्पादन और प्रॉफिट में 75 प्रतिशत है योगदान, ठेकेदार बोनस में मारते हैं डंडी

# बीएसपी कर्मियों के बाद अब श्रमिकों को पूर्ण बोनस भुगतान की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के कर्मचारियों को सालाना बोनस भुगतान होने के बाद अब बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को बोनस का इंतजार है। दिवाली के पूर्व श्रमिकों को पूर्ण बोनस दिलवाना प्रबंधन सहित जिम्मेदार एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बीएसपी में 25 हजार श्रमिक काम करते हैं।

बीएसपी सहित सेल के कर्मचारियों के लिए 29,500 रुपए बोनस तय हो चुका है। राशि कर्मियों के खाते में आने की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है। इससे बीएसपी में काम करने वाले हजारों ठेका मजदूरों को भी उम्मीद है उन्हें जिम्मेदार ठेकेदारों व निजी कंपनियों नियमानुसार पूर्ण हो दिलवाने का नैतिक साहस दिखाएंगे। बीएसपी प्रबंधन द्वारा ठेकेदारों को ठेका मजदूरों को 8 .33 प्रतिशत बोनस दिवाली पूर्व भुगतान करने का सुर्कलर जारी कर चुका है। लेकिन अब तक बीएसपी में काम करने वाली बाहर की कंपनियो व लोकल ठेकेदारों द्वारा नियमानुसार पूर्ण बोनस भुगतान करने की प्रक्रिया शुरु नहीं की गई है। यूनियनों के मुताबिक बोनस एक्ट के तहत 8.33 प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशत तक बोनस दिए ठेकेदारों को भुगतान करना है। नियमानुसार निर्धारित बोनस राशि 12 हजार से 16 हजार बनती है। लेकिन ठेकेदार कभी भी इतना बोनस मजदूरों को नहीं देते। इतना ही नहीं 60 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों को बोनस मिलता ही नहीं है। जबकि उत्पादन व प्राफिट में श्रमिकों को 70 प्रतिशत योगदान है।कुछ बड़ी कंपनियां कुछ मजदूरों को 2 से 5 हजार बोनस देती हैं। लेकिन इन मजदूरों की संख्या बहुत कम है। ठेका मजदूर यूनियन के मुताबिक प्रथम नियोक्ता होने के नाते बीएसपी प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह आदेश जारी करने के साथ बोनस एक्ट के अनुसार बोनस भुगतान करवाए। खातों की जांच करवाए कि पूरा बोनस ठेकेदार ने पूरा बोनस दिया या नहीं। मजदूरों से भी सच्चाई पता लगवाए। अनदेखी करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए।

### जिम्मेदार हैं उदासीन

महारत्न कंपनी रक्षा संसाधनों से लेकर उपग्रह तक निर्माण के लिए स्टील बना रही है। मजदूरों ने बताया कि हर क्षेत्र में बीएसपी आगे है लेकिन अन्य महारत्नों से अपनी जान जोखिम में डाल कीर्तिमानी उत्पादन में महती योगदान देने वाले श्रमिकों को बोनस एक्ट के तहत बोनस दिलवाने फिसड्डी साबित हो रही है। आखिर इसकी क्या वजह है। बीएसपी सहित पूरे सेल की यूनिटों में निर्धारित बोनस भुगतान पिछले 50 साल से चुनौती बना हुआ है। सभी यूनिटों में डेढ़ लाख के करीब हैं। प्रबंधन के अलावा केंद्र व राज्य सरकार, श्रम विभाग श्रमायुक्त, जिला प्रशासन, श्रमिक संगठन और बड़बोले जन प्रतिनिधि भी इस मामले में अकर्मण्य बने हुए हैं।

### “ बोनस एक्ट अनुरुप दें राशि

प्रथम नियोक्ता होने के नाते प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि मजदूरों को बोनस एक्ट के तहत निर्धारित बोनस दिवाली पूर्व मिले। एकाउंट की जांच भी करवाई जाए कि ठेकेदारों ने कितना बोनस भुगतान किया है। उत्पादन व प्राफिट में श्रमिकों के अहम योगदान के अनुरुप बोनस भुगतान करने से महारत्न कंपनी के मजदूरों का मनोबल व उत्पादन बढ़ेगा।

-**संजय साहू**, स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक

### 70 प्रतिशत श्रमिक वंचित

बीएसपी में करीबन 25 हजार ठेका श्रमिक काम करते हैं। इनमें अकुशल, कुशल,अर्धकुशल और उच्च कुशल 4 श्रेणी के श्रमिक शामिल हैं। इनमें बड़ी कंपनियों में करीबन 7 प्रतिशत मजदूर काम करते हैं जिनमें सभी को बोनस एक्ट के तहत बोनस भुगतान नहीं किया जाता है। श्रमिकों ने बताया कि लोकल ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले 20 से 25 प्रतिशत मजदूरों को मात्र दो तीन हजार बोनस दिया जाता है। यदि सरकार व प्रबंधन बोनस एक्ट के तहत बोनस तय करे तो 14 हजार रुपए प्रति मजदूर कुल बोनस राशि 3 करोड़ 50 लाख बनती है।

### “ रिकार्ड उत्पादन में योगदान

सेल को महारत्न कंपनी बनाने और रिकार्ड उत्पादन में ठेका मजदूरों का भी महती योगदान है। श्रमिकों को नियमानुसार बोनस राशि दिलवाना प्रबंधन और श्रम विभाग की वैधानिक जिम्मेदारी है। यूनियनों द्वारा लंबे समय से बोनस ही नहीं वेतन समझौता निर्धारित करने की भी मांग की जा रही है लेकिन सेल प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।

-**वीके सोनी**, महासचिव, एटक

## खुर्सीपार में नई शराब दुकान खोलने का विरोध, धरने पर बैठे स्थानीय लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

खुर्सीपार के वार्ड-51 शिवाजी नगर में नई शराब दुकान खोलने के प्रस्ताव को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। आम आदमी पार्टी के बैनरतले शुक्रवार को लोगों ने प्रदर्शन किया। लोकसभा उपाध्यक्ष जसप्रीत सिंह के नेतृत्व में नागरिकों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों दल नहीं चाहते कि यह शराब भट्टी बंद हो। वे सिर्फ शराब माफिया के हितों को साधने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि मोहल्ले में एक मर्डर हो चुका है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। हत्या के बाद भी 100 मीटर दूर शिवाजी नगर में अटल आवास, सरकारी अस्पताल, आंगनवाड़ी के ठीक बगल में स्थानांतरित करने की कोशिश शुरू की गई है। लोगों ने कहा कि यदि शराब दुकान खोली गई, तो उग्र आंदोलन होगा। इसके बाद की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

■ खतरे में है महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा

## मां दुर्गा की चुनरी यात्रा आज

**अंडा।** ग्राम गांधी नगर अंडा में 27 सितम्बर को माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने दी।

## काव्य पाठ के लिए 3 स्टूडेंट्स का चयन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जंयती के उपलक्ष्य में विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुरमें संभाग स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उमा कांती सिंह प्राचार्य सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल महाविद्यालय दुर्ग, डॉ. अशोक तिवारी सहायक प्राध्यापक, मोती लाल साहू व्याख्याता सेजस कुम्हारी, ए. एक्का सहायक संचालक खेल विभाग प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्पर्धा में 112 पंजीकृत बालक बालिकाओं ने भाग लिया। स्पर्धा में प्रथम स्थान पर नावेश चन्द्र साहू राजनांदगांव, द्वितीय भावेश देशमुख चौरागढ़ एवं तृतीय स्थान पर सूरज प्रकाश दुर्ग रहें।




## विश्व गर्भनिरोधक दिवस पर जेएलएन हॉस्पिटल जागरुकता कार्यक्रम, चिकित्सकों ने किया अवेयर

**भिलाई।** बीएसपी के जेएलएन हास्पिटल के प्रसूति और स्त्री रोग विभाग द्वारा आज विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया गया। विभिन्न गतिविधियों आयोजित की गईं और डाक्टरों ने जागरुक किया। नुक्कड़ नाटक व पोस्टर प्रदर्शनी आदि हुए जिसमें 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यपालक निदेशक डॉ. रविंद्रनाथ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरव मुखर्जी और डॉ. उदय कुमार सहित अनेक डाक्टर उपस्थित थे। ओपीडी परिसर में कार्यक्रम का उदघाटन डॉ. द्विवेदी ने किया। सह-पोस्टर प्रदर्शनी में पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग और शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्रों व जेएलएनएचआरसी स्टाफ द्वारा बनाए गए पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए। निर्णायक मंडल की सदस्याओं डॉ. संबिता पंडा, डॉ. मनीषा कांगो और डॉ. पी. मर्सी द्वारा किया गया। नाटक का मंचन व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं और नाटक के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मुख्य सलाहकार डॉ. हिमानी गुप्ता द्वारा जागरूकता वार्ता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, नर्सिंग छात्राओं भाग लिया। स्वागत भाषण डॉ. नीना गुहा व डॉ. निशा ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया।









